## संपादकीय

### तो मोदी होंगे इसके जिम्मेदार

**एक साल बीत चुका है लेकिन उन्होंने तनाव ख़त्म करने के लिए ज़रूरी पहला कदम ही नहीं उठाया है –- और वो कदम था, एकपक्षीय युद्धविराम की घोषणा, जैसा कि दिसंबर २००० में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। सो, सर्दी के मौसम के दौरान सुरक्षा बल उन 'आतंकवादियों' को मारते रहे, जो सर्दी से बचने के लिए पहाड़ों में अपने छिपने की जगहों से निकलकर पास के गाँवों में चले आये थे। नतीजतन, कश्मीर एक बार फिर उबाल पर है। २८ मार्च को यह आक्रोश तब भड़का जब आम लोग एक घर में छिपे आतंकवादी को बचाने के लिए खुद पुलिस के सामने आ गए। इस मुठभेड़ में तीन नौजवान मारे गए और १८ घायल हुए। अगले हफ्ते भारतीय सुरक्षा बलों पर १ अप्रैल, ३ अप्रैल और ४ अप्रैल को तीन बार हमले हुए। इन हमलों में आतंकियों ने बंदूकों का इस्तेमाल किया। लेकिन मोदी ने खतरे के इन संकेतों को बड़े ही आत्ममुग्ध तरीके से अनदेखा कर दिया। मुख्यमंत्री महबूबा मुफ़्ती की कड़ी और लिखित आपत्तियों के बावजूद उन्होंने श्रीनगर और अनंतनाग संसदीय क्षेत्रों में चुनाव करवाए जाने पर जोर दिया। राजनीतिक तौर पर यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा है क्योंकि इससे अलगाववादियों को दुनिया के सामने यह साबित करने का एक आदर्श मौका मिल गया कि किस तरह कश्मीरियों के दिलोदिमाग में भारत ने अपनी जगह खो दी है। नतीजा ये रहा कि मतदान देने वालों की तादाद, जो कि २०१४ के विधान सभा चुनाव में २७ फीसदी थी , वह घट कर सिर्फ ७ फीसदी रह गयी। पत्थर फेंकने वालों ने उन सरकारी स्कूलों में आग लगा दी, जिन्हें मतदान केंद्रों के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। स्कूल और कॉलेज के छात्रों ने जम कर विरोध प्रदर्शन किया और उन्हें निर्दयतापूर्वक पीटा भी गया। पहली बार, लड़कियों ने भी पत्थर फेंकने में शिरकत की और शायद पहली बार हथियार उठाने का आह्वान आजादी के लिए नहीं बल्कि इस्लाम को बचाने के नाम पर किया गया।**


**मतदान ख़त्म होते होते पुलिस और सुरक्षा बलों की गोली से आठ और नौजवान मारे गए और राष्ट्रीय रायफल्स के एक मेजर ने एक कश्मीरी युवक को अपनी जीप के बोनट से बाँध कर उसे उग्र भीड़ से भरी गलियों में बचाव के लिए एक इंसानी शील्ड की तरह इस्तेमाल किया। विडम्बना यह है कि इससे अनेक और कश्मीरियों की जान बचायी जा सकती थी। लेकिन जीप के बोनट पर बंधे युवक का वीडियो वायरल हो गया और इसने दुनिया के सामने भारत में नैतिकता के निचले स्तर को खोल कर रख दिया है। इस गलती को सुधारने के लिए जब भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने अलगाववादियों और सरकार दोनों को हिदायत दी कि वे हिंसा छोड़ दें, साथ ही बातचीत दोबारा शुरु करने के लिए एक मंच तैयार करने की पेशकश की तो अटॉर्नी जनरल रोहतगी ने एक रूखे बयान के साथ इससे इंकार कर दिया कि सरकार किसी भी हाल में 'अलगाववादियों' से बात नहीं करेगी। अगर वे किसी से बात नहीं करेंगे तो वे घाटी में शांति किस तरह से बहाल करना चाहते हैं? सभी को इस प्रक्रिया से बाहर रख कर किसी हल पर बल प्रयोग से ही पहुँचा जा सकता है। हालाँकि इस पर विश्वास नहीं होता, लेकिन ऐसा लगता है कि वे ये नहीं समझ पा रहे कि पिछले सौ सालों से भी अधिक समय से दुनिया की कोई भी सरकार कहीं भी केवल बल प्रयोग से अशांति और हिंसा को ख़त्म नहीं कर पायी है।**

# बॉलीवुड समाचार



## ऐड फिल्म के लिए अक्षय कुमार लेते हैं सबसे ज्यादा फीस

### दीपिका- आलिया से भी पीछे हैं सलमान खान



**सुमन मौर्या**

**बॉलीवुड** स्टार्स की लाइफ काफी अलग होती है और उनका स्टाइल काफी अलग होता है। वो फिल्मों के साथ- साथ कई ऐड में भी नजर आते हैं। उनकी फिल्मों से जुड़ी कमाई कई बार सामने आती है लेकिन इस बारे में जानकारी नहीं मिल पाती कि वो ऐड के लिए कितना चार्ज करते हैं। हाल ही में उनकी कमर्शियल्स से कमाई के बारे में भी जानकारी सामने आ गई है।

हाल ही में एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें इस बात का खुलासा हुआ है कि ये स्टार्ट इन ऐड से कितनी कमाई करते हैं। एप्दैंर्‍ २.० ऊप र्घ्र्‍ंह एल्जेज्दी ने इस बात का खुलासा किया। सामने आई जानकारी के मुताबिक एक ब्रैंड से जुड़कर उसकी ब्रैंडिंग करने के लिए एक्टर अक्षय कुमार १०० करोड़ रुपये लेते हैं। खबर के मुताबिक ऐड फिल्म के लिए सबसे ज्यादा फीस लेने वालों की लिस्ट में सबसे पहले खिलाड़ी कुमार का ही नाम है। अक्षय के बाद नाम आता है एक्टर रणवीर सिंह का। किसी ब्रैंड को एंडोर्स करने के लिए रणवीर सिंह ८४ करोड़ रुपये लेते हैं। रणवीर के बाद तीसरे नंबर पर उनकी पत्नी और एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण हैं जो ब्रैंड फेस बनने के लिए ७५ करोड़ रुपये लेती हैं। चौथा नंबर है बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का जो किसी ब्रैंड से जुड़ने के लिए ७२ करोड़ रुपये लेते हैं। पांचवां नंबर है एक्ट्रेस आलिया भट्ट का जो इसके लिए ६८ करोड़ रुपये लेती हैं।

बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान इस मामले में ५६ करोड़ रुपये के साथ छठे नंबर पर हैं। एक्टर वरुण धवन फेस ब्रैंड बनने के लिए ४८ करोड़ रुपये लेते हैं। वहीं बॉलीवुड के दबंग यानी सलमान खान इसके लिए ४० करोड़ रुपये फीस लेते हैं। सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली अभिनेत्रियों में से एक करीना कपूर खान किसी भी ब्रैंड से जुड़ने के लिए ३२ करोड़ रुपये लेती हैं। वहीं टॉप १० की इस लिस्ट में एक्ट्रेस कटरीना कैफ का नाम सबसे आखिरी में है, एक्ट्रेस किसी भी ब्रैंड का एंडोर्स करने के लिए ३० करोड़ रुपये लेती हैं। इस रिपोर्ट में आगे लिखा गया कि कई ब्रैंड्स दीपिका पादुकोण- रणवीर सिंह और विराट कोहली- अनुष्का शर्मा को भी साइन कर उनकी रियल लाइफ स्टोरी को रील लाइफ में इस्तेमाल करना चाहते हैं।

## ये एक्टर है बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत का फैन, शेयर की ऐसी तस्वीरें



**फिल्म** इंडस्ट्री में कंगना रनौत उन एक्ट्रेसेस में शुमार हैं जिन्होंने अपने दम पर इंडस्ट्री में जगह बनाई है. पिछले कुछ सालों में ऐसा देखने को मिला है कि उनकी फिल्मों को लोगों ने खूब पसंद किया है और उनके अभिनय की सराहना की है. मगर इसके बावजूद इंडस्ट्री में उन्हें आउटसाइडर फील होता है. कंगना कई सारे इंटरव्यूज में इस बात का जिक्र करती ही रही हैं. मगर एक एक्टर ऐसे भी हैं जो कंगना की बहुत रिस्पेक्ट करते हैं. वह एक्टर हैं अनुपम खेर. अनुपम खेर ने एयरपोर्ट पर कंगना रनौत से मुलाकात की. इस मौके पर दोनों की अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिल रही है. अनुपम ने कंगना के साथ की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं. अनुपम ने लिखा- कंगना के साथ मिलना मेरे लिए हमेशा काफी खुशी की बात होती है. वे मेरी पसंदीदा हैं. तस्वीरों में कंगना सफेद रंग के सादे कपड़ों में नजर आ रही हैं. बता दें कि ये पहला मौका नहीं है जब अनुपम खेर ने कंगना की तारीफ की है. इससे पहला भी ऐसा देखा गया है. दरअसल, मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ़ झांसी की रिलीज के दौरान कंगना रनौत की ये शिकायत थी कि उनकी फिल्म को सपोर्ट करने के लिए बॉलीवुड इंडस्ट्री से सितारे आगे नहीं आए. उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर भी कुछ सितारों का नाम लिया और कहा कि जब मेरी फिल्मों को बॉलीवुड से सपोर्ट नहीं मिलता है तो मुझे इंडस्ट्री में आउटसाइजर सा फील करती हूं. ऐसे में अनुपम खेर कंगना के समर्थन में आए थे और उन्होंने कहा था- ''कंगना रनौत एक रॉकस्टार हैं. वे बहुत ब्रिलियंट हैं. मैं उनके करेज और परफॉर्मेंस की सराहना करता हूं. वे महिला सशक्तिकरण का असल उदाहरण हैं.'' प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें तो कगंना रनौत इस समय अपनी अगली फिल्म पंगा की तैयारियों में जुटी हैं. वहीं उनकी फिल्म मेंटल है क्या की भी रिलीज डेट फाइनल हो गई है. अनुपम खेर की बात करें तो वे वन डे जस्टिस डिलीवर्ड फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं.

## बॉलीवुड से दूर होकर सनी लियोन ने बनाया नया करियर, शुरू की जेसीबी से खुदाई



**नई दिल्ली** : पोर्न फिल्मों को छोड़कर बॉलीवुड में करियर बनाने वाली सनी लियोन सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं. वह अक्सर अपने फैंस के साथ अपने डांस वीडियो और हॉट तस्वीर शेयर करती रहती हैं. हाल ही में उनकी एक तस्वीर काफी वायरल हो रही है जिसमें वह जेसीबी मशीन पर खड़ी नजर आईं. सनी की इस फोटो को शेयर करने के दो दिन बाद ही ट्विटर पर #JCBKiKhudayi टॉप ट्रेंड करने लगा. इतना ही नहीं लोग जेसीबी को लेकर कई फनी मीम्स भी शेयर कर रहे हैं. अपनी इस फोटो को शेयर करते हुए सनी लियोनी ने कैप्शन में लिखा- Career change! LOL :p

सनी की इस तस्वीर का आलम इतना है ज्यादा है कि लोग जेसीबी पर मीम्स बना रहे हैं और उनकी फोटो पर कमेंट्स कर रहे हैं. खुद जेसीबी कंपनी ने ट्रेंड होने के बाद ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से लिखा- क्या दिन है! फिलहाल इस फोटो में सनी जेसीबी मशीन की टायर के ऊपर खड़ी नजर आ रही हैं. उन्होंने ऑरेंज कलर का शॉर्ट और ब्लू कलर का टॉप पहना हुआ है.

## २८ साल पहले सलमान के साथ दी थी सुपरहिट फिल्म, अब कहां हैं ये एक्ट्रेस?



**बॉलीवुड** के दबंग सलमान खान एक बार फिर भारत के साथ ईद पर धमाका करने आ रहे हैं. अब तक के करियर में सलमान के साथ न जाने कितने कलाकारों ने काम किया है. कई हीरोइनों ने भी फिल्में कीं. इनमें कई ने तो इंडस्ट्री में ही अपना मुकाम बनाया लेकिन कई गायब हैं. वे कहां है लोगों को इसकी जानकारी नहीं है. सनम बेवफा से सलमान के अपोजिट फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस 'चांदनी' भी इन्हीं में से एक हैं.

एक समय में चांदनी बॉलीवुड इंडस्ट्री के लिए जाना पहचाना नाम थीं. वो ऋषि कपूर, अनिल कपूर, अक्षय कुमार और अनुपम खेर जैसे सितारों के साथ काम भी कर चुकी हैं. सलमान की फिल्म सनम बेवफा में चांदनी ने लीड रोल निभाया था. ये म्यूजिकल फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी.

## कमाई के मामले में टॉप पर अक्षय कुमार, वहीं बॉलीवुड के शाहरुख़-सलमान-आमिर टॉप ५ से भी बाहर



अक्षय कुमार बॉक्स ऑफिस ही नहीं, बल्कि विज्ञापन की दुनिया के भी बेताज बादशाह बन चुके हैं। ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार, १०० करोड़ के विज्ञापनों के साथ बॉलीवुड में अक्षय कुमार ब्रांड एंडोर्समेंट में सबसे आगे हैं। जबकि शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान इस लिस्ट में टॉप ५ से भी बाहर है। सिलेब्रिटी इंडोर्समेंट वैल्यू २०१७ के ७९५ करोड़ रुपये से बढ़कर २०१८ में ९९५ करोड़ रुपये हो गया और इसका सबसे बड़ा हिस्सा अक्षय कुमार के हाथों लगा है। अक्षय कुमार ने २०१८ में १०० करोड़ के विज्ञापन एंडोर्स किये हैं। इस लिस्ट में आलिया भट्ट, रणवीर सिंह, वरुण धवन भी काफी तेजी से ऊपर चढ़े हैं। वहीं, कई ब्राण्ड विकी कौशल, कार्तिक आर्यन, जाह्नवी कपूर और सारा अली खान जैसे नए चेहरे को जोड़ने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। बड़े सितारों की हिस्सेदारी कुल कारोबार में ६१ फीसदी रह गई है, जो २०१७ में ६४ फीसदी थी। अक्षय कुमार के बाद दूसरे नंबर पर हैं रणवीर सिंह जिन्होंने ( ८४ करोड़) कमाए जबकि तीसरे नंबर पर हैं दीपिका पादुकोण (७५ करोड़)। महानायक अमिताभ बच्चन ( ७२ करोड़ ) के साथ चौथे नंबर पर हैं। पांचवें नंबर पर पहुंच चुकी हैं आलिया भट्ट जिन्होंने ( ६८ करोड़ ) कमाए आलिया भट्ट के बाद इस लिस्ट में आते हैं शाहरुख खान, जिनके हाथों ( ५६ करोड़ ) की डील लगी है। सातवें नंबर पर वरूण धवन (४८ करोड़) और आठवें नंबर पर सलमान खान के हांथो सिर्फ (४० करोड़ ) की डील लगी। वहीं, नौवें नंबर पर शामिल हैं करीना कपूर खान (३२ करोड़) दसवें नंबर पर शामिल हैं कैटरीना कैफ (३० करोड़) ब्रैंड्स खुद को लोकप्रिय बनाने के लिए पावर कपल जैसे विरुष्का और दीपवीर का भी इस्तेमाल कर रहे हैं।

# रक्त में कोलेस्ट्रॉल को कम करता है

**अंकुरित** चने खाना बहुत ही लाभप्रद होता है। अंकुरित चना धातु को पुष्ट, मांसपेशियों को सुदृढ़ व शरीर को वज्र के समान बना देता है तथा यह सभी चर्म रोगों को नष्ट करता है। विटामिन-सी की अधिकता वाला यह वजन को बढ़ाता है। खून में वृद्धि करता है और उसे साफ करता है। इसके अतिरिक्त अंकुरित चने का सेवन करने से फेफड़े मजबूत होते हैं। यह रक्त में कोलेस्ट्राल को कम करता है और दिल की बीमारियों को दूर करने में सहायक होता है।

**चने अंकुरित करने की विधि :** अंकुरित करने के लिए चने को अच्छी तरह पानी में साफ करके इतने पानी में भिगोएं कि उतना पानी चना सोख ले। इसे सुबह के समय पानी में भिगो दो और रात में साफ, मोटे, गीले कपडे. या उसकी थैली में बांधकर लटका देते हैं। गर्मी में १२ घंटे और सर्दी के मौसम में १८ से २४ घंटों के बाद भिगोकर गीले कपड़ों में बांधने से दूसरे, तीसरे दिन उसमें अंकुर निकल आते हैं। गर्मी में थैली में आवश्यकतानुसार पानी छिड़कते रहना चाहिए। इस प्रकार चने अंकुरित हो जाएंगे। अंकुरित चनों का नाश्ता एक उत्तम टॉनिक है। अंकुरित चनों में कुछ व्यक्ति स्वाद के लिए कालीमिर्च , सेंधानमक, अदरक की कुछ कतरन एवं नींबू के रस की कुछ बून्दे भी मिलाते हैं परन्तु यदि अंकुरित चने को बिना किसी मिलावट के साथ खाएं तो यह बहुत अधिक उत्तम होता है।

**चने खाने के ७० अद्भुत फायदे :** शरीर को कोई बीमारी नहीं लगती : शरीर को सबसे ज्यादा पोषण काले चनों से मिलता है। काले चने अंकुरित होने चाहिए। क्योंकि इन अंकुरित चनों में सारे विटामिन्स और क्लोरोफिल के साथ फास्फोरस आदि मिनरल्स होते हैं जिन्हें खाने से शरीर को कोई बीमारी नहीं लगती है। काले चनों को रातभर भिगोकर रख लें और हर दिन सुबह दो मुट्ठी खाएं। कुछ ही दिनों में फर्क दिखने लगेगा।

**वजन कम करना :** अगर आपको अपना वजन कम करना है तो रोज़ाना सुबह उठकर खाली पेट भीगे हुए चने खाने से आपका वजन जल्द ही कम होने लगेगा।

**कब्ज और पेट दर्द :** रातभर भिगे हुए चनों से पानी को अलग कर उसमें अदरक, जीरा और नमक को मिक्स कर खाने से कब्ज और पेट दर्द से राहत मिलती है।

**शरीर की ताकत :** शरीर की ताकत बढ़ाने के लिए अंकुरित चनों में नींबू, अदरक के टुकड़े, हल्का नमक और काली मिर्च डालकर सुबह नाश्ते में खाएं। आपको पूरे दिन की एनर्जी मिलेगी।

**चने का सत्तू :** चने का सत्तू भी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद औषधि है। शरीर की क्षमता और ताकत को बढ़ाने के लिए गर्मीयों में आप चने के सत्तू में नींबू और नमक मिलकार पी सकते हैं। यह भूख को भी शांत रखता है।

**पथरी की समस्या में चना :** पथरी की समस्या अब आम हो गई है। दूषित पानी और दूषित खाना खाने से पथरी की समस्या बढ़ रही है। गाल ब्लैडर और किड़नी में पथरी की समस्या सबसे अधिक हो रही है। ऐसे में रातभर भिगोए चनों में थोड़ा शहद मिलाकर रोज सेवन करें। नियमित इन चनों का सेवन करने से पथरी आसानी से निकल जाती है। इसके अलावा आप आटे और चने का सत्तू को मिलाकर बनी रोटियां भी खा सकते हो।

**शरीर की गंदगी साफ करना :** काला चना शरीर के अंदर की गंदगी को अच्छे से साफ करता है। जिससे डायबिटीज, एनीमिया आदि की परेशानियां दूर होती हैं। और यह बुखार आदि में भी राहत देता है।

**डायबिटीज के मरीजों के लिए :** चना ताकतवर होता है। यह शरीर में ज्यादा मात्रा में ग्लूकोज को कम करता है जिससे डायबिटीज के मरीजों को फायदा मिलता है। इसलिए अंकुरित चनों को सेवन डायबिटीज के रोगियों को सुबह-सुबह करना चाहिए।

**मूत्र संबंधी रोग :** मूत्र से संबंधित किसी भी रोग में भुने हुए चनों का सवेन करना चाहिए। इससे बार-बार पेशाब आने की दिक्कत दूर होती है। भुने हुए चनों में गुड मिलाकर खाने से यूरीन की किसी भी तरह समस्या में राहत मिलती है।

पुरूषों की कमजोरी दूर करना : अधिक काम और तनाव की वजह से पुरूषों में कमजोरी होने लगती है। ऐसै में अंकुरित चना किसी वरदान से कम नहीं है। पुरूषों को अंकुरित चनों को चबा-चबाकर खाने से कई फायदे मिलते हैं। इससे पुरूषों की कमजोरी दूर होती है। भीगे हुए चनों के पानी के साथ शहद मिलाकर पीने से पौरूषत्व बढ़ता है। और कमजोरी दूर होती है।

**पीलिया के रोग में :** पीलिया की बीमारी में चने की १०० ग्राम दाल में दो गिलास पानी डालकर अच्छे से चनों को कुछ घंटों के लिए भिगो लें और दाल से पानी को अलग कर लें अब उस दाल में १०० ग्राम गुड़ मिलाकर ४ से ५ दिन तक रोगी को देते रहें। पीलिया से लाभ जरूरी मिलेगा। पीलिया रोग में रोगी को चने की दाल का सेवन करना चाहिए।

**मुंह का सौंदर्य :** चना के बेसन में नमक मिलाकर अच्छी तरह गौन्दकर लेप बना लें। इस लेप को चेहरे पर मलने से त्वचा में झुर्रियां नहीं आती हैं और चेहरा सुन्दर रहता है।

**प्रदर रोग :** भट्ठी पर भूने हुऐ चने के छिलके उतारकर उसे पीसकर चूर्ण बना लें। उसमें बराबर की मात्रा में मिश्री का चूर्ण मिलाकर ६-६ ग्राम की मात्रा में ठंडे पानी के साथ सेवन करने से प्रदर में रोग लाभ मिलता है। चने के सत्तू में मिश्री डालकर गाय के दूध के साथ सेवन करने से 'शवेत प्रदर में लाभ होता है।

**मोच :** मोच के स्थान पर चने बांधकर उन्हें पानी से भिगोते रहें-जैसे-जैसे चने फूलेंगे मोच अपने आप ही दूर हो जायेगी।

**पथरी :** गुर्दे या मूत्राशय में पथरी हो तो रात को एक मुट्ठी चने की दाल को भिगो देते हैं। सुबह के समय इस दाल को शहद मिलाकर खाने से लाभ मिलता है।

**अम्लपित्त :** काले चनों और कालीमिर्च को मिलाकर पीसकर चटनी की तरह सेवन करने से अम्लपित्त शांत हो जाती है।चने की सब्जी खाने से गले की जलन कम हो जाती है।

**दर्द व सूजन :** कमर, हाथ, पैर या कहीं भी दर्द हो वहां बेसन डालकर रोजाना मालिश करें। इस तरह मालिश करने से दर्द और सूजन ठीक हो जाती है।

**शीतपित्त :** चने से बने मोतिया लड्डुओं पर कालीमिर्च डालकर खाने से पित्ती ठीक हो जाती है।

**मधुमेह के रोग :** चने और जौ के आटे की रोटी खाने से मधुमेह रोगी को फायदा मिलता है। ७ दिनों तक केवल चने की रोटी खायें। गूलर के पत्तों को उबालकर उसी पानी से नहायें। थोड़ा-थोड़ा पानी पीयें। पेशाब में शक्कर (चीनी) आना बंद हो जायेगी और मधुमेह में लाभ होगा।

## क्रिकेट से दूर रहकर अपने खेल का विश्लेषण करने का समय मिला : राहुल



**कार्डिफ :** भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल कभी भी क्रिकेट से ब्रेक नहीं चाहते लेकिन टीवी चैट शो विवाद के कारण जबरन मिले इस ब्रेक के दौरान आत्ममंथन के मौके से उन्हें मजबूती से वापसी करने में मदद मिली . बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में चौथे नंबर पर उतरकर शतक जमाकर राहुल ने विश्व कप एकादश में अपना स्थान लगभग तय कर लिया है.

राहुल ने कहा ,'' खेल से दूर रहकर खिलाड़ी को आत्ममंथन करने का मौका मिलता है और मुझे भी मिला .'' उन्होंने कहा ,''मैने दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताया . वह महत्वपूर्ण था क्योंकि लंबे समय से मैं बाहर ही था . इस तरह का ब्रेक मैं नहीं चाहता था लेकिन मैने उसका सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल किया .

' बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में ९९ गेंद में १०८ रन बनाने वाले राहुल अतीत के बारे में ज्यादा नहीं सोचकर खेल पर फोकस करना चाहते हैं . उन्होंने कहा ,'' जो बीत गया, सो बीत गया . मेरा फोकस हमेशा से क्रिकेट पर रहा है . मुझे खुशी है कि मैं वापसी कर सका . आईपीएल से मेरा आत्मविश्वास बढा और मैं उसे यहां बरकरार रख सका.'' वह अपनी वापसी का श्रेय भारत ए के कोच राहुल द्रविड़ को देते हैं . उन्होंने कहा ,'' मेरी बल्लेबाजी और तकनीक को लेकर कुछ दिक्कतें थी . मैने बेंगलुरू में अपने कोच के साथ उन पर काम किया और भारत ए के लिये खेलकर मुझे वह मौका मिला .'' राहुल ने कहा ,'' मानसिक तैयारी, आत्मविश्वास की कमी और खराब फार्म को लेकर राहुल द्रविड़ से बात की . फार्म हासिल करने के लिये अच्छी पारियां कैसे खेलनी है वगैरह वगैरह.

मैं वापसी करके रन बनाने को बेताब था .''' अपने कैरियर में अधिकतर पारी की शुरूआत करने वाले राहुल चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे . उन्होंने कहा ,'' इस स्तर पर हर बल्लेबाज को दबाव का सामना करना और जिम्मेदारी निभाना आता है . यह टीम का खेल है और हर किसी को अपनी भूमिका निभानी होती है . हम सभी उसी तरीके से तैयारी करते हैं और कुछ भी सरप्राइज की तरह नहीं होता .'' वह खुद को खुशकिस्मत मानते हैं कि महेंद्र सिंह धोनी के साथ कुछ अच्छी साझेदारियां निभाने का मौका मिला . उन्होंने कहा ,'' एमएस के साथ बल्लेबाजी करना सपने जैसा है . मैने उसके साथ पिछले दो तीन साल में कुछ अच्छी साझेदारियां निभाई . उनके साथ बल्लेबाजी में मजा आता है और उन्हें बल्लेबाजी करते देखने में आनंद मिलता है .''

